पेज थ्री देहरादून

भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए जेपी नड्डा और सीएम।



देहरादून, बुधवार, 17 नवंबर 2021

पेज 8

हमारा दून


# पार्टी आपके ही विचारों पर चल रही

## संक्षिप्त समाचार

### नड्डा ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रुद्रपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक , विधायक राजकुमार ठुकराल मौजूद थे।

### सीएम ने प्रेस दिवस पर मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मीडिया से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता अहम है। प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव जीवन के साथ ही हमारे सामाजिक सरोकारों पर भी मीडिया का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। सामाजिक जन जागरण में भी मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना की वैश्विक महामारी से वर्तमान में पूरा विश्व प्रभावित हुआ है। इस महामारी से बचाव के लिये प्रेस के माध्यम से जन जागरूकता के प्रसार

### एयरटेल ने की ईएसजी कमेटी के निदेशक मंडल की स्थापना

**संवाददाता** देहरादून। भारत के प्रमुख कम्यूनिकेशन सोल्यूशन्स प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की कि पर्यावरण स्थिरता पर अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए निदेशक मंडल की एक समिति ("ईएसजी समिति") का गठन किया है। बोर्ड में लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर मनीष केजरीवाल ईएसजी कमेटी के चेयरमैन होंगे। एयरटेल पहले से ही पेरिस जलवायु समझौते से जुड़ा हुआ है।

### एचडीएफसी बैंक ने "मुंह बंद रखो"अभियान का दूसरा संस्करण किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून । 2020 में अपने मुंह बंद रखो अभियान की जबरदस्त सफलता के बाद, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने आज अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह 2021 के समर्थन में दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। इस पहल के माध्यम से बैंक का लक्ष्य सभी प्रकार की धोखाधड़ी के बारे में लोगों में जागरूकता को बढ़ाना और उनकी रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए अपना मुंह बंद रखने का महत्व बताना है। बैंक अगले 4 महीनों में देश भर में 2,000 से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन करेगा।

## सम्मानित

■ नड्डा ने रुद्रपुर में लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित



**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रपुर। जो आप लोगों ने आदर किया वह गर्व का विषय है। राजनीति, साहित्य, विज्ञान या किसी भी दूसरे क्षेत्र में बंगाल समाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। द बंगाल थिंक्स टूडे, देन कंट्री टीच टूमारों... यानी बंगाल जो आज सोचता है वह देश बाद में फालो करता है... ये बात जन सवांद कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कही। साथ ही कहा कि बांग्ला समुदाय का विकास में अहम योगदान रहा है। इससे पहले उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानति किया।

उत्तराखंड दौरे के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यक्रमों की शुरुआत लोकतंत्र सेनानियों से मुलाकात के साथ और उन्हें सम्मानित कर किया। निर्धारित कार्यक्रम के तहतनड्डा लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा के ओमेक्स स्थित आवास पर पहुंचे। यहां उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यहां पर आपातकाल में जेल गए कई लोकतांत्रिक सेनानियों से भेंट की। नड्डा ने लोकतंत्र रक्षक सेनानियों से उनके संस्मरण सुने और उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके बाद मुख्य बाजार स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद काशीपुर रोड स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हाल में बंगाली समुदाय के कार्यक्रम जनसंवाद में हिस्सा लिया।

इस दौरान नड्डा ने कहा कि वह बांग्ला सहित्य को जब भी याद करते हैं तो अरविंदो उन्हें याद आते हैं। सुभाष चंद्र बोस को याद करते हैं। कहा हमें गर्व है कि हम बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता हैं, जिसके संस्थापक अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। बंगाली समुदाय के लिए सरकार ने जो कार्य किया है उसे यह समुदाय कभी नहीं भूलेगा। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने विकास कार्य को लेकर काफी सराहनीय कार्य किया है। हमें दुख के साथ कहना पड़ता है कि भ्रष्टाचार बंगाल के साथ जुड़ चुका है। वहां टीएमसी के नेता भ्रष्टाचार कर रहे हैं। वहां के हालात कोई ठीक करेगा तो वह प्रजातंत्रिक तरीके से बीजेपी करेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बांग्ला समाज के लोगों के प्रमाण पत्र से पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाकर, नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आप खुशनसीब हैं कि आप देवभूमि, शांति भूमि, धर्म भूमि, क्रांतिवीरों की भूमि पर रहते हैं। यहां विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया न ही छोड़ा जाएगा। 12 हजार किलोमीटर सड़क, चारों धाम के लिए सड़क, ऋषिकेष कर्णप्रयाग का काम भी चल रहा है। हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज से पिथौरागढ़ की यात्रा करेगा। दो दिन में चार धाम यात्रा पूरी कर सकेंगे। हरिद्वार और हल्द्वानी में रिंगरोड का काम चल रहा है। हरिद्वार और देहरादून में गैस की पाइपलाइन, उत्तराखंड में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बड़े इंस्ट्रीट्यूट, द्रोण एप्लीकेशन सेंटर, सेंट्रल इंस्टीटट्यूट आफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग आ रहा है। इसी तरह से कोस्ट गार्ड रिक्रूटमेंट सेंटर भी उत्तराखंड में खुलने वाला है। अंत्योदय, उज्वला, आयुष्मान सहित सभी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। पीएम मोदी पांच को केदारनाथ आए थे। वहां का विकास भी देखने लायक है। कहा कि गिनाने लगे तो उत्तराखंड के विकास कार्य अनगिनत है।

### सीएम धामी ने काफी सराहनीय कार्य किया: नड्डा

धामी को बधाई देना चाहता हूं कि 250 की आबादी वाले गांवों में भी आल वेदर रोड बनवाया। टनकपुर, बागेश्वर और डोइवाला से गंगोत्री–यमुनोत्रि रेल लाइन का सर्वे चल रहा है। हरिद्वार से देहरादून रेलवे लाइन की दोहरीकरण का प्रस्ताव पूरा हो चुका है। ऊधम सिंह नगर में एयरपोर्ट को बढ़ाया जा रहा है।

# उत्तराखंड में अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ कोरोना

## कोरोना अपडेट

■ कोरोना संक्रमण के आठ नए मामले, एक की मौत, 174 केस एक्टिव

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। यहां लगातार नए मामले सामने आ रहे हैं। मंगलवार को आठ में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि एक की मौत हुई है। वहीं, छह मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 174 केस एक्टिव हैं।

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक आज कुल 10635 सैंपल रिपोर्ट नेगेटिव मिली है, जबकि आठ में संक्रमण की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा मामले हरिद्वार में सामने आए हैं। यहां चार में संक्रमण की पुष्टि हुई है। 11747 सैंपल की रिपोर्ट जांच के लिए भेजी गई है। आपको बता दें कि राज्य में अब संक्रमितों की संख्या बढ़कर 344058 हो गई है। हालांकि इनमें से 330321 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 174 मामले सक्रिय है, जबकि 7404 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है।

**हरिद्वार में सबसे ज्यादा चार मामले:** कोरोना वायरस संक्रमण के चार मामले हरिद्वार, तीन देहरादून और एक टिहरी गढ़वाल में सामने आया है। वहीं, 11 जिले ऐसे हैं, जहां संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया।

### अन्य राज्यों से अब बेरोकटोक आ रहे लोग

कोरोना की दूसरी लहर में राज्य के बाहर से आने वालों के लिए सख्ती बरती गई। शहर के तमाम प्रवेश द्वार पर सैंपलिंग की व्यवस्था की गई। पर यह व्यवस्था अब ध्वस्त हो चुकी है। देश के तमाम शहरों से यहां लोग बेरोकटोक दाखिल हो रहे हैं। बस अड्डे, रेलवे स्टेशन पर जरूर जांच की व्यवस्था है, पर इसे भी कई लोग धता बता रहे हैं। कोरोना के मामले कम होने के कारण लोग भी अब बेपरवाह दिख हैं।

**राजनीतिक गतिविधियों का गढ़ बना दून, सिस्टम उदासीन:** चिंता इस बात की भी है कि राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में राजनीतिक गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। जिनका प्रमुख गढ़ देहरादून बन रहा है। जाहिर है कि चुनाव नजदीक आते–आते यहां तमाम बड़े आयोजन होंगे। उस पर नियमों में ढिलाई के कारण पर्यटकों की आमद भी लगातार बढने लगी है। दिसंबर शुरू होते–होते, यानी छुट्यिों में इसमें और तेजी आएगी। अंदेशा इस बात का है कि सिस्टम की उदासी कहीं कोरोना की तीसरी लहर को न न्योता दे दे। लोग मास्क पहन रहे हैं और न शारीरिक दूरी का ही पालन हो रहा है। शायद, दूसरी लहर की भयावहता को वह भूल गए हैं।

### दून और हरिद्वार में मतदाता लिंगानुपात सबसे कम

**संवाददाता** देहरादून। भले ही देहरादून और हरिद्वार को प्रदेश के बड़े शहरों में गिना जाता हो, लेकिन मतदाता लिंगानुपात के लिहाज से ये दोनों जिले प्रदेश में सबसे अधिक पिछड़े हुए हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो देहरादून में एक हजार पुरुषों के सापेक्ष 896 महिला मतदाता हैं तो वहीं हरिद्वार में एक हजार पुरुष मतदाताओं के सापेक्ष 874 महिला मतदाता हैं। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने बचे हुए हैं। राज्य में नई जनगणना तो नहीं हुई है, लेकिन 18 वर्ष से अधिक आयु की अनुमानित जनसंख्या तकरीबन 81.38 लाख है। यानी प्रदेश में इतने व्यक्ति मतदाता बनने के योग्य हैं। इनके सापेक्ष एक नवंबर को जारी अनंतिम मतदाता सूची के अनुसार इनमें से 78.46 लाख ही मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। इनमें 4087018 पुरुष और 375892 महिला मतदाता हैं।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।